## सार-समाचार

### यंगइंडियन्स(वाईआई) अजमेर चैप्टर के नए पदाधिकारियों की घोषणा




साक्षी अग्रवाल, वाईआई अजमेर चैप्टर की अध्यक्षा और डॉ. अनिरुद्ध सारदा सह-अध्यक्ष मनोनीत।

**अजमेर** । यंग इंडियन्स (वाईआई) का अजमेर चैप्टर जो कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का एक अभिन्न अंग है, ने अपने नए पदाधिकारियों की आज घोषणा की, जो चैप्टर की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। बैठक में वर्ष 2025 के लिए सुश्री साक्षी अग्रवाल को यंग इंडियन अजमेर चैप्टर की अध्यक्षा और डॉ. अनिरुद्ध सारदा को सह अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए, सुश्री अग्रवाल और डॉ. अनिरुद्ध सारदा दोनों ने अजमेर चैप्टर के समावेशी विकास से संबंधित अपने विचार साझा किये। पूर्व में सुश्री साक्षी अग्रवाल ने वर्ष 2024 के लिए वाईआई अजमेर चैप्टर के सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। सुश्री साक्षी, एग्जेक्युटिव डायरेक्टर, जतन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड दिल से एक इतिहासकार और लेखिका है। 2014 में मयूर स्कूल अजमेर से स्नातक डॉ. अनिरुद्ध सारदा अजमेर के दंत विशेषज्ञ हैं।, उन्होंने प्रतिष्ठित मणिपाल कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज (एमसीओडीएस), मणिपाल से कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडोंटिक्स (2023) में बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (2020) और मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी (2023) की उपाधि प्राप्त की।अपनी विशेषज्ञता को और बढ़ाते हुए, डॉ. सारदा ने इम्प्लांट डेंटिस्ट्री, लेजर डेंटिस्ट्री, माइक्रो डेंटिस्ट्री, फोरेंसिक डेंटिस्ट्री और एस्थेटिक डेंटिस्ट्री में पीजी प्रमाणपत्र हासिल किए हैं।

### विवेकानंद जयंती सप्ताह का शुभारंभ

**ब्यावर, ( निसं )**। स्वामी विवेकानंद जयंती सप्ताह के अंतर्गत निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेशानुसार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जवाजा में जयंती सप्ताह का शुभारंभ उप प्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल ने स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया।उत्सव प्रभारी राकेश कुमार के अनुसार यह सप्ताह 11 से 20 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन कार्यों पर वीडियो, शिकागो भाषण के अंश धर्म, आध्यात्मिकता जिसमें 11,13, 15, 16 व 20 जनवरी तक नाटक, भाषण पोस्टर स्लोगन, युवा प्रेरक सत्र, पर्यावरण, सामुदायिक सेवा, स्वच्छता, योग ध्यान तथा भारत की विविधता और एकता पर प्रस्तुतियां बालक बालिकाएं करेंगे ।स्वामी विवेकानंद जयंती सप्ताह शुभारंभ पर तारा चौहान, मीरा गंगवाल, पूजा शर्मा, निलेश कुमार, प्रकाश चंद जोशी, किशन सिंह चौहान, हितेश कुमार, विशाल दीप, उदय, जितेंद्र कुमार वर्मा, विशाल देवनानी, अनिल कुमार, निशा सहित शिक्षक बंधु, बालक बालिकाओं की उपस्थिति रही।

### जयकारों के साथ पदयात्रा हुई रवाना

**सरवाड़, (निसं)**। सरवाड़ शहर से डिग्गी कल्याण की पदयात्रा शनिवार को रवाना हुई यह पदयात्रा भगवान मथुराधीश मंदिर से बैंड बाजों के साथ व पूजा अर्चना के पदयात्रा प्रारंभ हुई वहीं श्रद्धालु भगवान डिग्गी कल्याण की जयकारें लगाते हुए चल रहे थे जो सदर बाजार गांधी चौक सीनियर स्कूल मार्ग से होते हुए भाटोलाव हिंगोनिया व जूनियर से उनियारा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी वहीं यात्रा 12 को मालपुरा से होते हुए रात्रि विश्राम रहेगा व 13 को भगवान डिग्गी कल्याण के दर्शन करेगी यह पदयात्रा गांजे बाजें के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते हुए भगवान डिग्गी कल्याण मंदिर पहुंचकर ध्वजा चढ़ाएंगे। इस दौरान रामलाल गुर्जर, भेरूलाल साहू, सत्यनारायण डोडिया, कन्हैयालाल माली, हनुमान माली, मनीष माली, घीसालाल कुमार, महेश टेलर, संजय शर्मा, राहुल माली, दीपक साहू, राजू तेली व अशोक गहलोत सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहें।

### छप्पन भोग की झांकी सजाई

**बिजयनगर, (निसं)**। अयोध्या मे श्री राम मंदिर में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के पावन अवसर पर शनिवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।श्री गणगौर महोत्सव सेवा समिति तत्वाधान मेंआयोजित कार्यक्रम में मंदिर परिसर में मध्यान्ह में सुंदर पाठ के आयोजन किया गया मंदिर में छप्पन भोग सजाकर महा आरती के आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं मेंछप्पन भोग के महाप्रसाद का वितरण किया गया ।

### मंदिर का पाटोत्सव आज

**सरवाड, (निसं)**। सरवाड़ शहर में भगवान मथुराधीश मंदिर का पाटोत्सव आज धूमधाम से मनाया जाएगा वहीं समिति के अध्यक्ष गोपाल किशन मालानी ने बताया कि ठाकुर जी का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी व बधाई गीतों की स्वरलहरियां की गूंज रहेगी और ठाकुर जी के राजभोग लगेगा वहीं श्रद्धालुओं को आरती के बाद प्रसाद विकसित किया जाएगा वहीं इसी दिन दोपहर में 1:15 बजे से जोधपुर बड़ा रामद्वारा के संत अमृतराम के सानिध्य में भगवत नाम का संकीर्तन होगा और श्रद्धालु 4 बजे तक छप्पन भोग की झांकी के दर्शन कर सकेंगे और आरती पुष्पांजलि व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा

### 14 को विभिन्न सेवा कार्य होगे

**अजमेर, (कासं)**। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न कार्य किए जायेंगे। डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतीय कार्यक्रम मानवीयता वसुदेव कुटुंबकम् के तहत क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन रमेश मधु लखोटिया के सहयोग से मंगलवार को 12.15 बजे कोटड़ा स्थित अपना घर संभागीय मूक बधिर विद्यालय में रहवासी बच्चों को भोजन कराया जाएगा। दोपहर 1.15 बजे महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी के सहयोग से कोटड़ा कच्ची बस्ती के बच्चों को तिल के लड्डू एवं मिठाई वितरित की जाएगी।

### चौरसिया ने खिलाड़ियों को किया प्रेरित

**अजमेर, (कासं)**। पुष्कर रोड लक्ष्मी पैलेस के पास बैटल फील्ड टर्फ में द एलीट कॉम्बैट फाइट नाइट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर चौरसिया फाउंडेशन के संस्थापक अशोक चौरसिया ने शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, इस कार्यक्रम में लक्ष्यराज सिंह ने मुख्य अतिथि अशोक का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनकी जीवनी और खेलों के प्रति भावना के बारे में खिलाड़ियों को बताया। उनके जीवन के बारे में जानकर खिलाड़ी प्रेरित प्रेरित हुए। अजमेर में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित इस एम एम ए फाइट में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे है।

### अस्पताल में व्हीलचेयर एवं मरीज ट्रॉली भेंट

अजमेर, (कासं)। महावीर इंटरनेशनल अजमेर की प्रेरणा से टाटा पावर अजमेर द्वारा वासुदेव देवनानी, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष, की मौजूदगी में डॉ खरे, टाटा पावर के अधिकारी के सुनील कुमार शर्मा सीईओ, जितेंद्र भाया चीफ फाइनेंस, लक्ष्मीकांत शर्मा जनसंपर्क अधिकारी द्वारा महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों की उपस्थिति में 11 जनवरी 2025 को अस्पताल प्रशासन, जेएलएन अजमेर को 11 व्हील चेयर्स एवं 15 मरीज ट्रोलिया मय साइड स्टैंड, ऑक्सीजन सिलेंडर रखने एवं ड्रिप स्टैंड के साथ उपलब्ध कराई गई।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आज

**अजमेर, (कासं)**। बहुत कम उम्र में सांसारिक मोह माया को छोड़ कर सन्यास लेने वाले स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर हिंद सेवा दल द्वारा रविवार को 11. 30 बजे तोपदडा स्कूल स्थित विवेकानंद स्मारक पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# जिला कलक्टर लोक बंधु ने जे.एल.एन. चिकित्सालय का निरीक्षण किया



अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर लोकबंधु।

**अजमेर, (कासं)**। जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा शनिवार को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया।

जेएलएन चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे ने बताया कि जिला कलक्टर लोकबंधु शनिवार को

- कलक्टर के द्वारा चिकित्सालय की आपातकालीन इकाई के सीएमओ कक्षए आपातकालीन इकाई के वार्डए मेडिसिन आईसीयू का निरीक्षण किया

चिकित्सालय के निरीक्षण के लिए आए। जिला कलक्टर के द्वारा चिकित्सालय की आपातकालीन इकाई के सीएमओ कक्षए आपातकालीन इकाई के वार्डए मेडिसिन आईसीयू का निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेने के उपरांत जायजा लिया। मरीजों से वार्तालाप कर उपचार संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि हैल्प डैस्क का अवलोकन जिला कलक्टर द्वारा किया गया। आज ही प्रारंभ की गई सेतु ऐप के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस एप के माध्यम से संभाग के सभी चिकित्सालयों से रैफर होकर इस चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की सूचना पूर्व में प्राप्त हो सकेगी। इससे इस चिकित्सालय में मरीजों की आवश्यकता के अनुरूप उपचार संबंधी कार्यवाही पूर्व में ही की जा सकेगी। इससे मरीज को उपचार दिये जाने में विलम्ब नहीं होगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा व्यवस्थाओं के और अधिक सुदृढ़ीकरण के लिये आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये। मरीज को सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इस दिशा में नवाचारों को भी महत्व मिलने से मरीज का उपचार आसान होगा। मरीजों के लिए आवश्यक दवाएं अग्रिम उपलब्ध रहनी चाहिए। मरीजों की सुविधा के लिए जिला कलक्टर द्वारा व्हीलचेयर भेंट की। चिकित्सालय में उपलब्ध व्हीलचेयर सहित समस्त संसाधनों का समुचित उपयोग करने के निर्देश प्रदान किए गए।

# न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग नागौर दौरा पर

**नागौर** । राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की समीक्षा के लिए शनिवार को नागौर का दौरा किया।

राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के आलोक में राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने नागौर जिले में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अनुदानित नूतन प्रभात मूक-बधिर एवं नेत्रहीन विद्यालय, आदर्श ज्ञानोदय मानसिक विमंदित गृह का निरीक्षण किया।इसके बाद जिला परिषद सभागार में स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे विभागों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार बेरीवाल ने स्वागत किया । राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति बाल सचिवालय के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण एवं बैठक की रूपरेखा रखी। बैठक में स्पेशल जुवेनाईल पुलिस यूनिट, बाल संरक्षण संस्थान, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड लाइन विद्यालयों में बालिकाओं को सेल्फ डिफेन्स कोर्स आयोजित करवाने पुलिस थानों में स्थापित महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की स्थिति, स्कूलों में बच्चों के साथ छेड़छाड़ की घटना आदि की समीक्षा की।इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जारी है जिसे उन्हें अवश्य जोड़े तथा इन योजनाओं के सार्थक परिणामों पर भी चर्चा की। उन्होंने ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति एवं ब्लॉक स्तरीय बाल संरक्षण समिति के गठन, भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, झुग्गी बस्तियां में रहने वाले घुमंतू लोगों को शिविर लगाकर उनके दस्तावेज तैयार करवाने, रैन बसेरों की स्थिति की भी समीक्षा की।

# विशाल प्रभात फेरी का आयोजन

- बारिश भी नहीं रोक पाई श्रद्धालुओं को
- रामलाल के साथ भगवे झंडे के साथ विशाल यात्रा

**मेड़ता सिटी** । रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मीरा नगरी मेड़ता में विशाल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया । प्रभात फेरी चारभुजा चौक से शुरू की गई जो रावदुदा मार्ग , घांची भवन , चुकाबास , गणेश मंदिर , भारतवाच होते हुए शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए चारभुजा मंदिर पहुंची जहां भगवान राम की आरती कर प्रभात फेरी को समानापन किया गया । समाज सेवी जितेंद्र गहलोत ने बताया कि फेरी काष्ठ निर्मित राम जी की भव्य आरती की गई । खराब मौसम और बारिश भी रोक नहीं पाए इस उत्साह को नाचते गाते फेरी का आनंद लेते हुए इस फेरी की जगह रंगोलियां सजाई गई ,स्वागत द्वार ,आतिशबाजी, के साथ सामूहिक प्रसाद वितरण भी किया गया। जब प्रभात फेरी राममंदिर पहुंची तो सभी ने रुक कर दर्शन किए। उसके बाद पुन: प्रभात फेरी निर्बाध चलती हुई चारभुजा मंदिर पहुंची। नरेना ओम दास महाराज रामनिवास शास्त्री, हरिनारायण शास्त्री,विधायक लक्ष्मण राम, उमा रजत , पवन प्रताणी, लीलाधर सोनी,म नोहर लाल गहलोत, ओमप्रकाश सोनी, भगवती लाल टेलर , सरिता टाक, ओमप्रकाश टाक,सुजीत सैन,गजानंद तिवारी,लीला देवी,मदन लोहिया ,भिवराज तोषनीवाल, जितेंद्र प्रजापत, संतोष चौहान, ताराचंद मारोठिया,जिया बाई, मुक्तिलाल नागौरा ,गंगाराम भाटी,नथमल नागर,रामावतार दाधीच, मचराज सिखवाल, गौरू पंडित, भरत भोजक, शेखर माली,रमेश चौहान, श्रवण बाता, संजय तापड़िया, शांतिप्रकाश अठावाल किशन मानधनिया ,पवन माहेश्वरी, मैना बिड़ला,शोभा तोषनीवाल ,सरिता सिखवाल , सरिता मंत्री सहित कई गणमान्य नागरिक व महिलाओं के साथ आमजन मौजूद थे ।

# कांग्रेस पार्षद दल की मीटिंग विधायक की सदारत में सम्पन्न




राजीव गांधी कांग्रेस कार्यालय में मीटिंग आयोजित ।

- कांग्रेस पार्षद दल की मीटिंग में वार्डो में भेदभाव का आरोप

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )**। कांग्रेस पार्षद दल की मीटिंग विधायक डॉ विकास चौधरी की सदारत में सम्पन्न हुई। राजीव गांधी कांग्रेस कार्यालय में आयोजन मीटिंग के दौरान कांग्रेस पार्षदों ने वार्डो में विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद प्रशासन पर पक्षपात रवैया अपनाने का आरोप लगाया। प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खण्डेलवाल, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी की मौजूदगी में आयोजित मीटिंग में पार्षद महेन्द्र यादव व घनश्याम सिंह सोढ़ा सहित सभी पार्षदों ने कहा कि नगर की जनता द्वारा अपने घरों के पट्टे बनाने के लिये सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण कर शुल्क जमा कराने के बावजूद नगर परिषद द्वारा पट्टा आवंटित नहीं किया जा रहा है। विधायक चौधरी ने तत्काल आयुक्त सीता वर्मा से बात कर कहा की वार्डो में समानता के साथ विकास कार्य कराये। साथ ही आवेदन कर प्रक्रिया पुरी कर चुके लोगो को शीघ्र पट्टे जारी कर राहत प्रदान की जाये, उन्होंने वार्डो में अनियमित सफाई व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई। विधायक ने कहा समस्याओ के समाधान नहीं होने पर कांग्रेस को आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा। पार्षद सुशील अजमेरा ने कहा कि तत्कालीन गहलोत सरकार ने नाम मात्र का शुल्क लेकर आमजन पट्टा दिया, वही भाजपा सरकार ने कई गुणा शुल्क बढ़ा दिया। पार्षद दल की मीटिंग के बाद सभी पार्षदों ने नगर परिषद पहुंचकर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पार्षद रामसिंह मीणा, रणजीत चौधरी, सुनीता चौधरी, सलीम शेख आदि उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

I, KAMAL GHANMODE Mother of Army No JC-770905M Rank:- SUB Name:- GHANMODE PRAMOD SHESHRAO Residing at Vill:- TANDALI B K Post:- TANDALI B K, Teh:- PATUR, Dist:- AKOLA, State:- MAHARASHTRA Pin:-444501 have change my Name from KAMAL GHANMODE to KAMLA SHESHRAO GHANMODE Vide affidavit No. BW 937847 Dated 11/01/2025 before Court campus Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/116335 DATE:- 07-01-2025 रजि बेचान-नामा

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/10516 दिनांक: 10-01-2025

**सार्वजनिक सूचना**

श्री प्रमोद कुमार नागार पुत्र श्री घनश्याम नागार निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 2 डिग्गी मोहल्ला मकान नं. 6/318 का भाग म्यु नं. 72 क्षेत्रफल 91.66 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री मूलचन्द जी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 23.12.2024, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/116335 DATE:- 07-01-2025 रजि हक- परित्यागनामा

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/10515 दिनांक: 10-01-2025

**सार्वजनिक सूचना**

श्री कन्हैया व नरेन्द्र पुत्र श्री भागुमल व श्रीमती कविता पुत्री भागुमल निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5 दिवाकर पुस्ताकालय गली मकान नं. 02 म्यु नं. 2/802 क्षेत्रफल 92.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री कक्कुमल पुत्र श्री विधोमल जी के नाम दर्ज है। रजि हक-परित्याग दिनांक 12.09.2022, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

# लघु उद्योग भारती की स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी में उमड़ा शहर

- संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने किया विधिवत शुभारम्भ

**ब्यावर ,(निसं)** । लघु उद्योग भारती की महिला शाखा के तत्वाधान में 11 व 12 जनवरी को दो दिवसीय 'स्वयंसिद्धा उत्तरायण उमंग' प्रदर्शनी का उदघाटन किया गया । प्रदर्शनी का उद्घाटन लघु भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय घनश्याम ओझा की गौरवमयी उपस्थिति के साथ उनके कर कमलों से किया गया।

आत्मनिर्भर भारत की पहचान और महिला उत्थान थीम पर शुरू हुई इस प्रदर्शनी में 70 से अधिक महिला उद्यिमयों द्वारा भाग लिया जा रहा है, जो अपने-अपने उत्पाद का प्रदर्शन इस प्रदर्शनी में कर रही हैं। इस प्रदर्शनी में ब्यावर शहर के अलावा अजमेर, पाली, किशनगढ़, जयपुर सहित राजस्थान के बाहर आगरा व लखनऊ के अलावा भी कई शहरों के उद्यमी सम्मिलित हुए हैं । महिला शाखा अध्यक्षा अर्पिता शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में हम नवीनतम कला, संस्कृति, पहनावा, नई तकनीकें व नए स्किल्ड खेलों को सांझा कर रहे हैं । इस प्रदर्शनी से हम महिला सोच को नई दिशा और नए विचारों से हम और नए सृजनात्मक संठाहों के साथ भागीदार बनाने में सफल होने जा रहे है ।अध्यक्ष सचिन नाहर ने स्वागत उद्बोधन में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

उद्घाटन कार्यक्रम में मंचासीन अथितियों के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा आईसीआईसीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक मनीष जैन, क्षेत्रीय प्रबन्धक (विक्रय) नितिन विजय, अविनाश गर्ग सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी नाम की चरितार्थता को समझाते हुए बताया कि गत 1 वर्ष में 20 से अधिक इस प्रकार की प्रदर्शनियाँ पूरे भारत में आयोजित हो चुकी हैं। उन्होने मुख्य इकाई और महिला इकाई के सदस्य एक और एक मिलकर ग्यारह की तरह काम करके उस कार्य को शिखर तक पहुंचाने का कार्य करते हैं, जो सभी के लिए प्रेरणापद है।

और ब्यावर महिला इकाई को उनके हर बार किए जा रहे विशेष नवाचरों के लिए उन्होने विशेष बधाई प्रेषित की। प्रदर्शनी संयोजिका श्वेता नाहर और शोभन्ता मेहता ने बताया कि इस प्रदर्शनी की योजना बनते ही उद्यिमयों ने अपनी-अपनी स्टॉल बुक करने का सार्थक प्रयास प्रारम्भ कर दिया । और इस प्रदर्शनी की लोकप्रियता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ दिवसों के अंतराल के अंदर ही सभी स्टॉल बुक हो चुकी थी।

एक्सीबेटर का ज्यादा से ज्यादा व्यापार हो, इसलिए नगर में राशि देकर कूपनों का विक्रय किया गया । जिन महिलाओं के पास प्रोडक्ट नही है, उन्हें भी एक नयी दिशा देने का प्रयास भी इस प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया है । मुख्य शाखा से कार्यक्रम संयोजक गगन भारद्वाज व श्रीकांत बिहानी ने विस्तृत रूप से बताया कि चूंकि महिला उद्यमी द्वारा तैयार किया गया उत्पाद, केवल एक उत्पाद नहीं होता है , वरन उसमें उस महिला उद्यमी का व्यक्तिगत श्रम और उसकी भावना का भी इसमें समावेश होता है। इस समावेशी उत्पाद को जानने, समझने और क्र्य करने के लिए पूरे समय नगर वासियों का तांता लगा रहा। मौसम की प्रतिकूलता को देखते हुए आयोजन स्थल पर उत्तम व्यवस्थाएं होने के कारण जन-समूह की भीड़ में किसी प्रकार की कमी नहीं हुई। सचिव विजय मेहता ने विस्तृत रूप से बताया कि यह प्रदर्शनी अन्य साधारण प्रदर्शनियों से किस प्रकार अनूठी है ।

### रोटरी क्लब का निःशुल्क जांच शिविर

**अजमेर, (कासं)**। रोटरी क्लब अजमेर द्वारा शनिवार को वैशाली नगर स्थित महात्मा गांधी स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक स्थानीय नागरिकों सहित स्कूली विद्यार्थियों ने शिविर का लाभ उठाया। रोटरी क्लब अध्यक्ष कुलदीप सिंह गहलोत ने बताया कि शनिवार को रोटरी क्लब अजमेर का निशुल्क जांच शिविर महात्मा गांधी स्कूल वैशाली नगर अजमेर में रोटरी क्लब अजमेर एवं स्थानीय आर्य हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में अलकनंदा कॉलोनी में निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हनुमान दयाल बंसल एवं डॉ सूर्य प्रकाश चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन के बाद स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें वजन, हाईट, ब्लड ग्रुप जांच, हीमोग्लोबिन जांच, दंत जांच एवं आंखों की जांच की गई। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ.नेहा भट्ट, शिशु रोग डॉ.श्वेता कोठारी, स्त्री रोग डॉ.उमा चौहान, ऑर्थोपेडिक डॉ.अरुण राजपुरोहित, जनरल सर्जन डॉ.समय सिंह, फिजिशियन डॉ. दिनेश सैनी, यूरोलॉजिस्ट डॉ.दीपक मगनानी, फिजिशियन डॉ.अंकुर माथुर, शंकर लाल चौधरी, योगेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा जांच की गई तथा परामर्श दिया गया। आंखों की जांच डॉ. प्रीति लाल, डॉ.नंदराम द्वारा की गई। जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को चश्मा क्लब द्वारा वितरित किए जाएंगे। शिविर में 200 विद्यार्थी सहित स्थानीय नागरिकों ने कराई स्वास्थ्य जांच कराई। गहलोत ने बताया कि शिविर में महात्मा गांधी स्कूल शाला प्रधान अरुणा जैन एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग दिया।

**न्यायालय जिला न्यायाधीश, उदयपुर (राज.)**

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु प्रार्थना पत्र**

**प्रकरण संख्याः 33/2024 मु.दी. 38**

महेश कुमार पामेचा पिता श्री लक्ष्मीलाल पामेचा जाति जैन निवासी 5, पीर बावजी के सामने, भुवाणा, उदयपुर ....प्रार्थी

बनाम्

कमला देवी व अन्य .......अप्रार्थीगण

मृतक स्व. लक्ष्मीलाल पामेचा पिता श्री रतन लाल पामेचा निवासी बडीसादडी जिला चित्तौड़गढ उदयपुर की प्रतिभूति के सम्बन्ध में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम धारा 1925 धारा 372 के अन्तर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दिलाने हेतु प्रार्थना पत्र।

वास्ते :- सर्वसाधारण

उक्त नामांकित प्रार्थी/प्रार्थीगण ने मृतक स्व. लक्ष्मीलाल पामेचा के नाम की ऋण की प्रतिभूति की राशि हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अन्तर्गत इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

सूचित रहे की उक्त मामले की सुनवाई हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 15.01.2025 समय 10:00 ए.एम. नियत की गयी है।

अत: सभी संबंधित व्यक्तियों को एतद्धारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थना पत्र के खिलाफ अगर कोई आपत्ति रखता है तो उक्त दिनांक को कारण प्रस्तुत करे।

अनुपस्थिति की स्थिति में मामलें में एक पक्षीय कार्यवाही व सुनवाई की जाकर उसके अनुसार आदेश पारित किया जायेगा।

नोट: प्रार्थी ने मृतक के Kirlosker Pneumatic Lit. के 1735 शेयर्स Kirlosker Oil Engines Lit, के 3982 शेयर्स Kirlosker Brothers Lit. के 3937 शेयर्स को प्राप्त करने बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से दिनांक 19नवम्बर 2024 को जारी किया गया। (आज्ञा से)

मोहर

वरिष्ठ मुन्सरीम,
जिला एवं सेशन न्यायालय, उदयपुर (राज.)

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सेवा कार्यों के साथ मनाया जन्मदिन



अस्पताल में भर्ती मरीज से कुशलक्षेप पूछते विधानसभा अध्यक्ष देवनानी।

- जेएलएन अस्पताल में सेंट्रल लैब का किया उद्घाटन
- मरीजों को बांटे कंबल, वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

**अजमेर, (कासं)**। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अपना जन्म दिन विभिन्न सामाजिक सेवा व विकास कार्य का शुभारंभ कर मनाया। शनिवार को जेएलएन हॉस्पिटल में सेंट्रल लैब, जनसुनवाई केंद्र, सेतु कार्यक्रम का उद्घाटन किया, साथ ही भर्ती मरीजों को कंबल भी वितरित किए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपना जन्मदिन सादगी पूर्ण मनाया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की कई विकास कार्य का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि निश्चित रूप से मेरा जन्मदिन सेवा के कामों से और सनातन संस्कृति सहित आध्यात्मिक रूप से मानता आया हूं। इसके तहत हॉस्पिटल में 15 स्ट्रेचर, 11 व्हील चेयर और 111 कंबल प्रदान किए गए हैं, इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

इसके साथ ही देवनानी ने सेंट्रल लैब, जनसुनवाई केंद्र, सेतु कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। गत दो दिनों में जनता क्लिनिक अलग-अलग तीन स्थानों पर उद्घाटन किया, इससे प्रत्येक व्यक्ति को बीमारी पर तुरंत इलाज मिलेगा, जिससे सभी सुखी और स्वस्थ रह सके। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जन्मदिन पर दिन की शुरुआत गायों को चारा खिलाकर और विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर आशीर्वाद लेते हुए की है। सुकन्या योजना के तहत बेटियों के खाते खुलवाए गए और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। इसके साथ ही शहर में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

**कार्यालय पंचायत समिति हुरड़ा, जिला-भीलवाड़ा**

क्रमांक- SPL-1 दिनांक- 11.01.2025

**निविदा सूचना 2024-25 (09)**

पंचायत समिति हुरड़ा की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु राजकीय एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकास कार्यों की मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी सभी शर्तें कार्यालय समय में पंचायत समिति हुरड़ा में देखी जा सकती है।

UBN No. ZBL2425A0911, ZBL2425A0907

NIB No. ZBL2425WSRC02224 to ZBL2425WSRC02225

ZBL2425WSRC02212

विकास अधिकारी पंचायत समिति हुरड़ा